एक नजर में

टैक्स बार एट ट्रिब्यूनल के चुनाव संपन्न



इंदौर . टैक्स बार एट ट्रिब्यूनल के द्विवार्षिक चुनाव शुक्रवार को संपन्न हुए . वार्षिक साधारण सभा में वरिष्ठ चार्टर्ड एकाउंटेंट और आय कर क़ानूनों के विशेषज्ञ सीए अनिल गर्ग निर्विरोध वर्ष 2026-28 कार्यकाल के लिए प्रेसिडेंट चुने गये . इसके अतिरिक्त सीए विजय बंसल-उपाध्यक्ष, सीए प्रणय गोयल-सचिव, सीए निशा लाहोटी-सह सचिव एवं सीए राजेश मेहता-कोषाध्यक्ष चुने गये . ज्ञातव्य हो की टैक्स बार एट ट्रिब्यूनल लगभग 55 वर्षों पुरानी संस्था है और इसमें इनकम टैक्स अपीलेट ट्रिब्यूनल के समक्ष पैरवी करने वाले चार्टर्ड एकाउंटेंट्स और कर सलाहकार सदस्य हैं . कमेटी का कार्यकाल 2 वर्षों का रहता है . प्रेसिडेंट के रूप में निर्वाचित होने पर सीए अनिल गर्ग ने सदस्यों से आग्रह किया कि हमे अपने कार्य के संपादन में और अधिक कुशलता लाकर सही न्याय प्रक्रिया में प्रतिभागी बनने का प्रयास करना चाहिये ।उन्होंने कहा कि उनका प्रयास रहेगा कि ट्रिब्यूनल के समक्ष जिरह के दौरान अपने सदस्यों की गरिमा पूर्ण रूप से बनी रहे ; इसका भी कमेटी पूर्ण प्रयास करेगी . सीए अनिल गर्ग ने कहा कि उनके कार्यकाल में सदस्य प्रोसिजरल आस्पेक्ट्स की बारीकियाँ सदस्य सीख सकें इस हेतु मूट कोर्ट, प्रैक्टिकल वर्कशॉप्स, आईटीएटी टूर, हाई कोर्ट,आईटीएटी मेंबर्स, सीनियर एडवोकेट्स से मार्गदर्शन संबंधी प्रयास किए जाएँगे ताकि आईटीएटी अपियरेंस के संबंध में नए सदस्यों में जो अज्ञात भय रहता है वह दूर हो सके तथा वर्तमान सदस्य भी अपना पेशेवर कार्य और अधिक उत्कृष्टता से कर सकें . सीए अनिल गर्ग एवं नव निर्वाचित कमेटी सदस्यों को वरिष्ठ अभिभाषक गण प्रदीप चौधरी, मनोज मुंशी, सुमित नीमा एवं एचपीसीएल के निदेशक सीए डॉ अभय शर्मा, सीए एस एन गोयल एवं सीए शैलेंद्र सिंह सोलंकी ने शुभकामनाएं दी .

प्रभात फेरी में लेंगे सामाजिक सरोकार के संकल्प

इंदौर . केन्द्रीय साईं सेवा समिति की मेजबानी में शहर के 200 से अधिक साईं मंदिरो से जुड़े भक्तों ने शुक्रवार को अनूठा संकल्प लिया है . समिति के अध्यक्ष गौतम पाठक, प्रदीप यादव एवं समीर जोशी ने बताया कि 26 मार्च तक प्रतिदिन निकलने वाली साईं पालकी यात्रा एवं प्रभात फेरी के दौरान क्षेत्र के सफाई मित्रों का सम्मान कर उन्हें फल एवं अन्य उपहार भेंट किए जाएँगे . इसी तरह साईं भक्त प्रतिदिन सामाजिक सरोकार से जुड़े सेवा प्रकल्प करने और अधिक से अधिक लोगों को जोड़ने का संकल्प भी लेंगे . इसका शुभारंभ आज सुबह विष्णुपुरी क्षेत्र में निकली प्रभात फेरी और बाबा की पालकी के पूजन के साथ किया गया, जब क्षेत्र के रहवासियों को साईं भक्तों ने मूक परिंदों को दाना-पानी रखने के लिए सकोरे भेंट किए . पूरे क्षेत्र में बाबा की पालकी और भक्तों का घर-घर जबरदस्त स्वागत किया गया . वाहे गुरु की अरदास और बोले सो निहाल के जयकारों के बीच आतिशबाजी और पुष्प वर्षा के नजारों ने समूचे क्षेत्र को भक्तिभाव से भरपूर बनाए रखा . केन्द्रीय साईं सेवा समिति के तत्वावधान में सुबह विष्णुपुरी एनेक्स स्थित पिंकी भाटिया के निवास पर सैकड़ों सिख परिवारों ने पूरी श्रद्धा और उत्साह के साथ बाबा की पालकी का पूजन किया . इस दौरान आलोक खादीवाला, चंदू कुंजीर, समीर जोशी, मोहन पहलवान, ज्ञानेश्वर होल्कर, किन्नी भाटिया, लव वर्मा, करण भाटिया, इशु भाटिया, संतोष भुसारी, भूपेंद्र सिंह भाटिया, भुरु यादव, धीरज गोयल, बल्लू राठौर, लक्की वर्मा आदि ने क्षेत्र के साईं भक्तों को 26 मार्च को राम नवमी पर साईं भक्त ब्रह्मलीन विनिता पाठक की स्मृति में बड़ा गणपति से छत्रीबाग साईं मंदिर तक निकलने वाली साईंराम यात्रा का न्योता दिया।

तीन दिवसीय इंडिया इंटरनेशनल ट्रैवल एग्ज़ीबिशन का शुभारंभ

इंदौर . तीन दिवसीय इंडिया इंटरनेशनल ट्रैवल एग्ज़ीबिशन बास्केटबॉल स्टेडियम, रेस कोर्स रोड में आयोजित की जा रही है . 22 मार्च तक आयोजित तीन दिवसीय इस प्रदर्शनी में अंतरराष्ट्रीय और घरेलू डेस्टिनेशनों, होटल्स और रिसॉर्ट्स, टूर ऑपरेटर्स और ट्रैवल सर्विस प्रदाताओं का विविध मिश्रण देखने को मिलेगा, जिससे आगंतुकों को अवकाश और व्यवसायिक यात्रा विकल्पों का व्यापक प्लेटफॉर्म मिलेगा . राजस्थान टूरिज़्म, गुजरात टूरिज़्म, तेलंगाना टूरिज़्म, मध्य प्रदेश टूरिज़्म और केरल टूरिज़्म जैसे राज्य पर्यटन बोर्ड इसमें भाग ले रहे हैं . प्रदर्शनी के शुभारंभ पर अनुराग गुप्ता डायरेक्टर आईआईटीई ने कहा आईआईटीई का उद्देश्य एक मजबूत और सुलभ प्लेटफॉर्म तैयार करना है, जो यात्रियों को सीधे पर्यटन बोर्ड्स, टूर ऑपरेटर्स और हॉस्पिटैलिटी पार्टनर्स से जोड़ता है . इंदौर एक उभरता हुआ ट्रैवल मार्केट है, और इस प्रदर्शनी के माध्यम से हम घरेलू और आउटबाउंड टूरिज़्म को बढ़ावा देने के साथ-साथ आगंतुकों को एक ही स्थान पर प्रामाणिक जानकारी, आकर्षक पैकेज और व्यक्तिगत यात्रा समाधान उपलब्ध कराना चाहते हैं . आईआईटीई का समय उन यात्रियों के लिए आदर्श है जो समर वेकेशन, वीकेंड गेटअवे, हनीमून और कॉर्पोरेट ट्रैवल की योजना बना रहे हैं। हमारा विज़न है कि आईआईटीई को तीन दिनों के लिए एक वन-स्टॉप ट्रैवल मार्केटप्लेस बनाया जाए . प्रदर्शनी के दौरान आगंतुकों के लिए प्रवेश नि:शुल्क रहेगा .

उत्कृष्ट कार्य के लिए श्रेष्ठा गोयल को शक्ति अवार्ड

इंदौर . वुमेन्स प्रेस क्लब, मध्यप्रदेश द्वारा अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर

पर आयोजित शक्ति अवार्ड-2026 समारोह जाल सभागृह में गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ . श्रेष्ठ गोयल को यह सम्मान महिला आर्थिक सशक्तिकरण के क्षेत्र में उत्कर्ष कार्य करने हेतु दिया गया, वह बहुत लंबे समय से महिला उद्यमियों को सशक्त बनाने और इंदौर में उद्योगों से जुड़ी हुई महिलाओं का क्लस्टर बनाने के लिए प्रयासरत है . कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय, खंडपीठ इंदौर के प्रशासनिक न्यायमूर्ति विजय कुमार शुक्ला मौजूद थे . वूमेन प्रेस की क्लब की अध्यक्ष शीतल राय की अध्यक्षता में यह आयोजन किया गया .

हिंदू सर्वजातीय परिचय सम्मेलन कल

इंदौर . आर्य समाज संचार नगर इंदौर एवं गुरु विरजानन्द वैदिक ट्रस्ट के संयुक्त तत्वावधान में आगामी 22 मार्च को 48वें हिंदू सर्वजातीय परिचय सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है . यह परिचय सम्मेलन संतोष सभागृह, रानी सती गेट पर होगा, जिसका मुख्य उद्देश्य विवाह योग्य युवक-युवतियों और उनके परिवारों को एक साझा मंच प्रदान करना है . आर्य समाज मंदिर संचार नगर के प्रधान आचार्य भानु प्रताप वेदालंकार ने बताया कि अब तक इस सम्मेलन के लिए लगभग 500 प्रत्याशियों के बायोडाटा और फोटो प्राप्त हो चुके हैं . इस सम्मेलन की सबसे बड़ी विशेषता इसकी समावेशी प्रकृति है, जिसमें अविवाहित युवाओं के साथ-साथ विधवा, विधुर, तलाकशुदा और अधिक आयु के (प्रौढ़) प्रत्याशियों को भी अपना जीवनसाथी चुनने का अवसर मिलेगा . कार्यक्रम के समन्वयक अशोक शास्त्री ने जानकारी दी कि इस आयोजन की ख्याति केवल मध्य प्रदेश तक सीमित नहीं है, बल्कि छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र, गुजरात, दिल्ली, हरियाणा, उत्तर प्रदेश और बिहार जैसे विभिन्न राज्यों से भी बड़ी संख्या में प्रविष्टियां प्राप्त हुई हैं . सम्मेलन के दौरान सर्वजातीय परिणय स्मारिका का विमोचन भी किया जाएगा .

ट्रांसफार्मर की चिंगारी से भड़की आग, स्क्रैप गोदाम हुआ राख

▸ सांवेर रोड के पास हुआ हादसा, 14 दोपहिया जले, 3 घंटे में पाया काबू

नव भारत न्यूज

इंदौर. सांवेर रोड स्थित एक स्क्रैप गोदाम में शुक्रवार सुबह ट्रांसफार्मर में हुई स्पार्किंग ने देखते ही देखते भीषण आग का रूप ले लिया. आग इतनी तेजी से फैली कि गोदाम में खड़े 14 दोपहिया वाहन जलकर खाक हो गए. करीब तीन घंटे की मशक्कत के बाद दमकल ने आग पर काबू पाया.

फायर ब्रिगेड के एसआई शिवनारायण शर्मा ने बताया कि सुबह करीब 6 बजे ट्रांसफार्मर में शॉर्ट सर्किट के बाद आग लगी, जो पास में रखे ज्वलनशील स्क्रैप तक पहुंचते ही तेजी से फैल गई. सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की कई गाड़ियां मौके पर पहुंचीं, लेकिन संकरे रास्ते के कारण शुरुआत में दिक्कत आई. बाद में जेसीबी की मदद से रास्ता बनाकर आग बुझाने का काम तेज किया और करीब तीन घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका. तब तक गोदाम में रखा स्क्रैप पूरी तरह जल गया और 14 दोपहिया वाहन जलकर खाक हो गए. वहीं, प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि, अचानक उठी तेज लपटों और काले धुएं ने पूरे इलाके को घेर लिया. धुआं करीब तीन किलोमीटर दूर तक दिखाई दे रहा था, जिससे आसपास के रहवासी दहशत में घरों से बाहर निकल आए. हालांकि राहत की बात यह रही कि इसमें कोई भी हताहत नहीं हुआ है. घटना के बाद क्षेत्र में धुएं के कारण लोगों को सांस लेने में परेशानी का सामना करना पड़ा.

नशे की लत ने बर्बाद की डेढ़ लाख की नौकरी, बन गया चोर

▸ घर में घुसकर किए जेवरात चोरी, फिर झूमाझटकी के बाद पकड़ाया

इंदौर. एमआईजी थाना क्षेत्र के नेहरू नगर में एक शातिर चोर को चोरी करना भारी पड़ गया. घर में घुसकर जेवरात पार करने के बाद आरोपी ऊपरी मंजिल पर महिला से झूमाझटकी कर रहा था, तभी शोर सुनकर पहुंचे गृहस्वामी और पड़ोसियों ने उसे धरदबोचा. तलाशी लेने पर आरोपी की जेब से चोरी किए गए सोने-चांदी के जेवरात बरामद हुए हैं. पुलिस ने आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है.

थाना प्रभारी सीबी सिंह ने बताया कि घटना नेहरू नगर की है. फरियादी जितेंद्र पिता नाथूलाल जैन निवासी नेहरू नगर ने शिकायत दर्ज कराई कि आरोपी दीपक पिता गजराज सिंह मंडलोई निवासी मनावर, जिला धार, हाल मुकाम नेहरू नगर चोरी की नीयत से उनके घर में घुसा. आरोपी बाहर बनी सीढ़ियों के रास्ते ऊपर चढ़ा और गेट की कुंडी खोलकर घर के बीच वाले फ्लोर पर दाखिल हो गया. आरोपी दीपक मंडलोई ने कमरे में रखी लोहे की अलमारी का ताला तोड़कर उसमें रखे एक जोड़ी चांदी के पायल, 4 नग बिछुड़ी, एक सोने की अंगूठी और एक आर्टिफिशियल बेन्टेक्स का रानी हार चोरी कर अपनी जेब में रख लिया. चोरी करने के बाद आरोपी और माल समेटने की नीयत से घर की ऊपरी मंजिल पर चला गया.

ऊपरी मंजिल पर आरोपी दीपक, जितेंद्र के किरायेदार विनोद सोनी के कमरे में घुस गया, जहां वह विनोद की पत्नी शिवा के साथ झूमाझटकी करने लगा. शिवा के चिल्लाने की आवाज सुनकर जितेंद्र तुरंत ऊपर पहुंचे. उन्हें देखकर आरोपी ने भागने की कोशिश की और जितेंद्र के साथ भी झूमाझटकी की. हालांकि, जितेंद्र ने हिम्मत दिखाते हुए उसे दबोच लिया और नीचे ले आए. शोर सुनकर आसपास के लोग भी इकट्ठा हो गए. मौके पर मौजूद लोगों ने जब आरोपी दीपक की तलाशी ली, तो उसकी जेब से जितेंद्र के घर से चोरी किए गए सोने-चांदी के जेवरात और रानी हार बरामद हो गया. सूचना मिलने पर एमआईजी पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपी को हिरासत में ले लिया. पुलिस अब आरोपी के पुराने आपराधिक रिकॉर्ड खंगाल रही है कि वह क्षेत्र में और कितनी वारदातों में शामिल रहा है.

गलत आदतों के चलते कर्ज में डूबा हुआ है आरोपी

पुलिस के अनुसार दीपक एक टेलीकॉम कंपनी में करीब डेढ़ लाख रुपए महीने की नौकरी करता था, लेकिन नशे की लत के बाद वह जुआ का आदी हो गया . इन आदतों के चलते कर्ज बढ़ने और गलत हरकतों के कारण उसकी नौकरी चली गई . इसके बाद वह आर्थिक तंगी में आ गया और इससे चोरी करने लगा . दीपक मंडलोई मूल रूप से धार जिले के मनावर का रहने वाला है और इंदौर में रहकर इंजीनियरिंग की पढ़ाई कर चुका है . वह पास के ही एक मकान में किराए से रह रहा था .

मां के इलाज के पैसों को लेकर भाइयों में चले लाठी-डंडे

इंदौर. पंढरीनाथ थाना क्षेत्र में मां के इलाज के लिए पैसों को लेकर भाइयों के बीच विवाद हो गया, जो देखते ही देखते मारपीट में बदल गया. आरोप है कि दो भाइयों और उनके साथी ने मिलकर एक भाई के साथ मारपीट कर उसे घायल कर दिया और जान से मारने की धमकी दी.

थाना प्रभारी अजय राजोरिया ने बताया कि घटना रात करीब 8.30 बजे कबूतरखाना मस्जिद चौक की है. फरियादी हेमंत पिवाल उम्र 32 साल काम से घर लौटकर आराम कर रहा था. इसी दौरान मां की तबीयत खराब होने पर उसके छोटे भाई मधु पिवाल और नोनू पिवाल ने इलाज के लिए उससे पैसे मांगे. बताया गया है कि फरियादी ने सैलरी आने के बाद पैसे देने की बात कही, जिस पर विवाद बढ़ गया. गुस्से में गाली-गलौज शुरू हो गई. विरोध करने पर आरोपी मधु पिवाल, नोनू पिवाल और उनके साथी करीम ने फरियादी के साथ मारपीट शुरू कर दी. आरोप है कि मधु और करीम ने हाथ-मुक्कों से हमला किया, जबकि नोनू ने लाठी से वार किया. मारपीट में फरियादी के नाक, सिर और दाहिने हाथ में चोट आई है. घटना के बाद आरोपियों ने जान से मारने की धमकी भी दी. पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है.

ड्रग्स लेकर एक्टिवा से घूम रहा ग्राफिक डिजाइनर पकड़ाया

▸ 1.30 लाख की 12.87 ग्राम एमडी ड्रग्स बरामद

इंदौर. क्राईम ब्रांच की टीम ने सपना संगीता रोड स्थित गुलमर्ग कॉम्प्लेक्स के पास से एक संदिग्ध युवक को पकड़कर उसके पास से 1.30 लाख की एमडी ड्रग्स बरामद की है. आरोपी पेशे से ग्राफिक डिजाइनर है, जो ज्यादा पैसा कमाने के लालच में ड्रग्स तस्करी के दलदल में उतर गया.

एडिशनल डीसीपी राजेश दंडोतिया ने बताया कि क्राइम ब्रांच की टीम शहर में संदिग्धों की तलाश में गश्त कर रही थी, तभी गुलमर्ग कॉम्प्लेक्स के पास एक नीले-सफेद रंग की एक्टिवा पर सवार युवक पुलिस को देखकर हड़बड़ाने लगा. संदेह होने पर टीम ने उसे घेरा और पूछताछ की, तो वह गोलमोल जवाब देने लगा. जब पुलिस ने एक्टिवा की डिक्की की तलाशी ली, तो उसमे 12.87 ग्राम अवैध मादक पदार्थ एमडी छिपाकर रखी गई थी. पूछताछ में पकड़े गए आरोपी ने अपना नाम मोहम्मद अजीम निवासी सदर बाजार बताया.

पूछताछ में आरोपी ने यह भी बताया कि वह केवल 12वीं कक्षा तक पढ़ा है और वर्तमान में ग्राफिक्स डिजाइनिंग का काम करता है. उसने कबूला कि वह कम समय में अधिक पैसा कमाने की मंशा से बाहर से सस्ते में मादक पदार्थ खरीदकर इंदौर में नशे के आदी लोगों को ऊंचे दामों पर बेचता था. क्राइम ब्रांच ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है. आरोपी से यह पूछताछ कर रही है कि वह यह ड्रग्स कहां से लाया था और शहर में किन-किन लोगों को सप्लाई करने वाला था. आशंका है कि इस गिरफ्तारी से शहर के कुछ और बड़े ड्रग पैडलर्स के नाम सामने आ सकते हैं.

महिलाओं और युवतियों ने दी मारवाड़ी और राजस्थानी प्रस्तुतियां

▸ विजय नगर अग्रवाल महासंघ ने धूमधाम से मनाया गणगौर महोसव

इंदौर. विजय नगर अग्रवाल महासंघ द्वारा परंपरागत गणगौर उत्सव का भव्य एवं रंगारंग आयोजन किया गया जिसमें समाज की महिलाओं, युवतियों एवं हर उम्र के परिजनों ने उत्साहपूर्वक शामिल होकर राजस्थानी और मारवाड़ी संस्कृति की प्रस्तुतियां देकर सबका मन मोह लिया. रंगारंग बाना भी निकाला गया और विभिन्न स्पर्धाएं भी धूमधाम से आयोजित की गई.

महासंघ के संरक्षक किशोर गोयल, अध्यक्ष अजय अग्रवाल एवं महामंत्री नीरज गोयल, नितेश बंसल, शैलेंद्र अग्रवाल ने बताया कि इस अवसर पर मोहिनी दीपचंद अग्रवाल एवं मुग्धा गोलू शुक्ला के मुख्य आतिथ्य एवं सीता जगदीश बाबाश्री, श्रीमती रेखा किशोर गोयल, आशा एसएन गोयल, मंजू राम एरन, किरण गणेश गोयल, सरोज ओमजी कोल, सुनीता राजेश गर्ग, रश्मि संजय गोयनका, सोनिया दिनेश गर्ग, रेखा

अग्रवाल, मीना अग्रवाल, पिंकी अरविंद वेल्यूअर, सोनल अजय मित्तल, आरती अरुण गोयल एवं तृप्ति अरुण गोयल के विशेष आतिथ्य में रंगारंग बना, सजी-धजी, मेहँदी, चूड़ी-बिंदी सहित अनेक आकर्षक और दिलचस्प स्पर्धाएं आयोजित की गई। महिलाओं, युवतियों और छोटे बच्चों ने इसर-गणगौर का स्वरुप धारण कर अपनी प्रस्तुतियों से सबका मन मोह लिया. ज्योति नितेश बंसल एवं श्रीमती शीतल संदीप गर्ग की प्रस्तुतियां आकर्षण का केंद्र बनी रही. इस अवसर पर वरिष्ठ समाज सेवी प्रेमचंद गोयल, सत्येन्द्र जोशी, हरि अग्रवाल, श्याम गर्ग, संजय हाईवे, महेश अग्रवाल, पार्षद मृदुल अग्रवाल, प्रह्लाद अग्रवाल दादा, निगम सभापति मुन्नालाल यादव, अजय आलूवाले, प्रमोद बिंदल, अरुण आष्टावाले सहित अनेक गणमान्य बंधुओं ने उपस्थित होकर प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया. इस अवसर पर महिला कार्यकारिणी की ओर से उपाध्यक्ष भावना मनीष गर्ग के नेतृत्व में सरिता अजय अग्रवाल, रिंकी नीरज गोयल, संध्या संदीप गर्ग, ज्योति नितेश बंसल, शीतल संदीप गर्ग, ममता शैलेन्द्र अग्रवाल, सरिता शशांक अग्रवाल, सहित सभी सदस्यों ने उत्सव को व्यवस्थित बनाने में सहयोग प्रदान किया.

तर्कशक्ति, विधिक ज्ञान का किया प्रभावशाली प्रदर्शन

▸ लेक्स मेवेन राष्ट्रीय मूट कोर्ट प्रतियोगिता का आयोजन

इंदौर. दो दिवसीय प्रथम 'लेक्स मेवेन' नेशनल मूट कोर्ट प्रतियोगिता का आयोजन चमेली देवी इंस्टीट्यूट ऑफ लॉ द्वारा किया गया. इस प्रतिष्ठित राष्ट्रीय प्रतियोगिता में देशभर के प्रमुख विधि संस्थानों की कुल 36 टीमों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपनी विधिक प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया.

प्रतियोगिता में क्राइस्ट यूनिवर्सिटी, एनएलयू त्रिपुरा, एनएलयू लखनऊ, बरकतुल्लाह विश्वविद्यालय, भोपाल, गांधीनगर तथा एनएमआईआईएस जैसे प्रतिष्ठित संस्थानों की उल्लेखनीय सहभागिता रही. प्रतिभागियों ने अपनी तर्कशक्ति, विधिक ज्ञान एवं प्रस्तुति कौशल का प्रभावशाली प्रदर्शन किया. पूरी प्रतियोगिता के दौरान विभिन्न चरणों का मूल्यांकन अनुभवी एवं वरिष्ठ अधिवक्ताओं द्वारा किया गया, जिन्होंने प्रतिभागियों के विधिक तर्कों एवं दृष्टिकोण का गहन परीक्षण किया. प्रतियोगिता का फाइनल राउंड अत्यंत रोचक रहा, जिसका निर्णयन न्यायमूर्ति वेद प्रकाश शर्मा एवं न्यायमूर्ति एस. श्रीवास्तव (पूर्व न्यायाधीश, मप्र उच्च न्यायालय) द्वारा किया गया. इस अवसर पर न्यायमूर्ति ईश्वर एस. श्रीवास्तव ने कहा कि यह मात्र प्रतिस्पर्धा नहीं है, बल्कि सीखने की शुरुआत है. भविष्य की नींव आज के ईमानदार प्रयास में निहित है. न्यायमूर्ति वेद प्रकाश शर्मा ने वकालत के 7 स्तंभों के बारे में विस्तारपूर्वक बताया,.

ये रहे विजेता

कड़े मुकाबले के बाद बरकतुल्लाह विश्वविद्यालय, भोपाल की टीम ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विजेता का खिताब अपने नाम किया . वहीं क्राइस्ट यूनिवर्सिटी, दिल्ली एनसीआर की टीम उपविजेता रही . समापन समारोह में चमेली देवी ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के उपाध्यक्ष संजय के . अग्रवाल एवं कार्यकारी निदेशक अनुषा अग्रवाल की उपस्थिति रही . प्रतियोगिता का सफल संचालन संयोजक सहायक प्राध्यापक सुश्री टीना वैष्णव एवं वेरिटास मूटिंग सोसाइटी द्वारा प्राचार्य डॉ . निशा केवलिया के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ .

इस्कॉन से जुड़े भक्तों ने किया मुख्यमंत्री का सम्मान

इंदौर. निपान्या स्थित अंतर्राष्ट्रीय श्रीकृष्ण भावनामृत संघ (इस्कॉन) मंदिर परिसर से लगे तालाब एवं आसपास के क्षेत्र को श्रीकृष्ण लोक के रूप में विकसित करने, इस्कॉन मंदिर से एडवांस एकेडमी तक के मार्ग को इस्कॉन के संस्थापक भक्ति वेदांत स्वामी प्रभुपाद के नाम पर करने एवं गौशाला के लिए जमीन उपलब्ध कराने की मांग के साथ मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का मंदिर आगमन पर मंदिर से जुड़े भक्तों एवं संतों ने इस्कॉन इंदौर के अध्यक्ष स्वामी महामनदास के सानिध्य में सम्मान किया. इस्कॉन गुरुकुल के वेदपाठी बटुकों द्वारा वैदिक मंगलाचरण के बीच डॉ. यादव को शॉल, श्रीफल एवं भगवान राधा गोविन्द की तस्वीर भी भेंट की गई.

इस्कॉन से जुड़े हरि अग्रवाल, शैलेन्द्र मित्तल एवं अशोक गोयल ने बताया कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के प्रथम मंदिर आगमन के उपलक्ष्य में मंदिर से जुड़े भक्तों ने उनका गरिमापूर्ण अभिनन्दन किया. इस अवसर पर पार्षद सुरेश कुरवाड़े, आनंद गोयल, किशोर गोयल, लक्ष्मणदास, गिरधर गोपालदास, प्राणेश्वर प्रभु, अद्विधरणदास, महाकालेश्वर प्रभु, रणवीर प्रभु आदि ने मुख्यमंत्री एवं अन्य अतिथियों का स्वागत किया. इस्कॉन इंदौर अध्यक्ष स्वामी महामनदास ने इस अवसर पर विकास कार्यों के लिए मुख्यमंत्री के प्रति धन्यवाद ज्ञापित करते हुए गौशाला के लिए पर्याप्त जमीन उपलब्ध कराने एवं मंदिर परिसर के आसपास पर्यटन क्षेत्र एवं महाकाल लोक की तर्ज पर श्रीकृष्ण लोक का निर्माण कराने तथा एडवांस एकेडमी से इस्कॉन मंदिर तक के मार्ग का नामकरण भक्ति वेदांत स्वामी प्रभुपाद मार्ग करने की मांग भी प्रस्तुत की और उन्हें ज्ञापन भी भेंट किया.

एक नजर में ▸ धर्म और संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए 'सबके राम' जैसे अनुष्ठान

बच्चों की सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने दर्शकों का मन मोहा

इंदौर. सनातन धर्म हमारे देश में बहुत पहले से चला आ रहा है. आज पूरे विश्व में भारत जिस तेजी से उभरकर आ रहा है, उसके पीछे इस सनातन धर्म और हमारे ऋषि-मुनियों एवं देवी-देवताओं की शक्ति ही है. यहां इतनी सुंदर व्यवस्थाएं देखकर मन प्रसन्न हो रहा है. धर्म और संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए 'सबके राम' जैसे अनुष्ठान निरंतर और अलग-अलग क्षेत्रों में होना चाहिए. शहर के सनातनी लोगों को ऐसे दिव्य आयोजनों से जुड़कर पुण्य लाभ जरूर उठाना चाहिए.

सांसद शंकर लालवानी ने शुक्रवार को दशहरा मैदान स्थित अवध लोक में चल रहे 'सबके राम' अनुष्ठान में पहुंचकर सबसे पहले यहां निर्मित वृन्दावन के प्रेम मंदिर की प्रतिकृति में राम दरबार की आरती में शामिल होकर पूजा-अर्चना की. सदगुरु श्री अण्णा महाराज ने भी 'सबके राम' अनुष्ठान को प्रासंगिक और नई पीढ़ी के लिए उपयोगी बताते हुए कहा कि इस तरह के आयोजन समाज को चैतन्य और ऊर्जावान बनाते हैं. प्रारंभ में सबके राम लोक कल्याण समिति के संयोजक महेन्द्रसिंह चौहान एवं प्रवीणा अग्निहोत्री ने उनकी अगवानी की.

भारतीय संस्कृति से प्रेरित प्रस्तुतियां की पेश

इस अवसर पर संध्या को सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रृंखला में पहले दिन विद्यांजलि स्कूल एवं देवी अहिल्या स्कूल के बच्चों ने योग एवं भारतीय संस्कृति से प्रेरित एक से बढ़कर एक मनमोहक प्रस्तुतियां देकर हजारों दर्शकों को मंत्रमुग्ध बनाए रखा . शुक्रवार को अनुभूति विजन सेवा संस्थान एवं माँ कमला विद्या विहार के बच्चों ने सुश्री दीप्ति शर्मा के मार्गदर्शन में अपनी शानदार प्रस्तुतियां देकर दर्शकों को सम्मोहित बनाए रखा . अवध लोक पर प्रतिदिन रात 8 बजे से सांस्कृतिक कार्यक्रम हो रहे हैं .

संघ से जुड़े वीरेन्द्र गोयल एवं सामाजिक समरसता के किरण जोशी सहित अन्य अतिथियों ने भी कहा कि 'सबके राम' जैसे आयोजन हमारी नई पीढ़ी को संस्कार और चेतना देने मे मददगार साबित होंगे. एक ही परिसर में प्रेम मंदिर और लक्ष्मीनारायण महायज्ञ जैसे आयोजन धर्म प्रेमी नागरिकों के लिए ही किए गए हैं, इनका पुण्य लाभ लोगों को जरूर उठाना चाहिए. इसके पूर्व सुबह शहर के योगाचार्यों के निर्देशन में योग क्रियाओं का प्रदर्शन भी किया गया और यज्ञशाला में पं. अगस्त्य व्यास के आचार्यत्व में लक्ष्मीनारायण महायज्ञ में भी सैकड़ों भक्तों ने आहुतियाँ समर्पित की.